p>

Title: Request to construct a railway overbridges / underpasses at various railway crossing in Mishrikh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख की नगरपालिका व नगर पंचायतें बिल्हौर, शिवराजपुर, बालामऊ जंक्शन, संडीला, चौबेपुर से निकलने वाली रेलवे क्रासिंग पर भारी यातायात होने के कारण क्रासिंग बंद होने पर कई-कई घंटे जाम लगा रहता है । इससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है । यहां के लोग काफी समय से रेलवे पुल या अंडरपास बनाये जाने की मांग कर रहे हैं । इस प्रकरण को मैंने नियम 377 के अधीन और अतारांकित प्रश्न के माध्यम से भी सदन में कई बार रखा ।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि बिल्हौर, शिवराजपुर, बालामऊ जंक्शन, संडीला, चौबेपुर में रेलवे ओवर ब्रिज या अंडरपास की स्थापना किये जाने हेतु अब तक क्या कदम उठाए गए हैं और कब तक इसको अंतिम रूप दिया जाएगा?